अभिनय की दुनिया में टीवी मेरी नींव रहा है: कश्मीरा ईरानी

अभिनेत्री कश्मीरा ईरानी हमेशा से ही फिल्मों में काम करना चाहती थीं और खुद को बड़े पर्दे पर देखना चाहती थीं. उनका कहना है कि छोटे पर्दे पर काम करने से उन्हें बहुत कुछ सीखने को मिला और टेलीविजन ने उनके अंदर से सर्वश्रेष्ठ को उभारा.

कार्यक्रम अंबर धरा से टेलीविजन में डेब्यू करने के बाद कश्मीरा ने धर्मक्षेत्र और दोस्ती..यारियां..मनमर्जियां जैसे प्रोजेक्ट में भी काम किया है. बॉलीवुड में कश्मीरा को रंगून, टाइगर जिंदा है और हाल ही में सलमान खान की आई फिल्म भारत में भी देखा गया, इस फिल्म में कश्मीरा ने सलमान की बहन के किरदार को निभाया.

कश्मीरा ने मीडिया को बताया, अभिनय की दुनिया में टीवी मेरी नींव रही है. इसने मुझे बहुत कुछ सिखाया और मेरे अंदर से सर्वश्रेष्ठ को बाहर निकाला. कभी-कभार टीवी में हमें बहुत खुशनुमा माहौल में काम करने को नहीं मिलता, लेकिन यह एक कलाकार के रूप में आपको बेहतर बनने में मदद करता है.

कश्मीरा ने आगे कहा, समय के दबाव के चलते यह आपके सामने चुनौतियां लेकर आता है, लेकिन मेरा ऐसा मानना है कि दबाव हमेशा गलत नहीं होता. और हां, मैं हमेशा से ही फिल्में करना चाहती थी और खुद को बड़े पर्दे पर देखना चाहती थी और आज ऐसा हो रहा है. यहां इस खेल में हमेशा आगे रहने की ही मेरी चाह है. कश्मीरा का कहना है कि अगर उन्हें अच्छा किरदार मिलता है तो वह छोटे पर्दे पर दोबारा काम करना पसंद करेंगी. सलमान के साथ काम करने के अपने अनुभव के बारे में कश्मीरा ने कहा, एक के बाद एक दो फिल्मों में उनके साथ काम करना वाकई में सम्मानजनक रहा है. सेट पर उनकी ऊर्जा जिसने इस पूरी प्रक्रिया को बढ़ाया, को देख मैं तंग आ गई थी. सलमान जो भी करते हैं, उसके प्रति हमेशा सच्चे रहते हैं और उनकी इस खूबी ने मुझे बहुत प्रेरित किया.

आपका अगला प्रोजेक्ट क्या है? इस सवाल पर कश्मीरा ने कहा कि उनके पास अभी कई प्रोजेक्ट्स हैं. एक बार पुष्टि हो जाने के बाद सबको इस बारे में पता लग जाएगा.

पूजा बिष्ट ने शेयर की इंस्टाग्राम पर बोल्ड तस्वीरें

टीवी अभिनेत्री पूजा बिष्ट इन दिनों अपनी प्रोफेशनल लाइफ की बुलंदियों पर हैं. उन्होंने हाल ही में कुछ फिल्मों के लिए ऑफर किया गया था. इसके अलावा पूजा अपनी बोल्ड अदाओं की वजह से भी खबरों में बनी रहती हैं. हाल ही में उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर चंद खूबसूरत तस्वीरों को शेयर किया है.

पूजा ने अपनी फिल्मों को लेकर एक इंटरटेनमेंट वेबसाइट से बात करने के दौरान पूजा ने खुलासा किया कि उन्होंने हाल के दिनों में कुछ फिल्मों को साइन किया है. उन्होंने कहा, मैं मुशकिल नाम के की एक हॉरर फिल्म कर रही हूं जिसमें रजनीश दुग्गल और कुणाल रॉय कपूर भी हैं. इन दिनों हम इस फिल्म की शूटिंग कर रहे हैं हालांकि, इस फिल्म की रिलीज डेट के बारे में अभी कोई जानकारी नहीं मिल पाई है.दूसरे प्रोजेक्ट को लेकर जब पूजा से बात की गई तो उन्होंने बताया कि वह बाकी फिल्मों के लिए अपने रास्ते खुले रखी हैं. और उन्हें उम्मीद है इस अगले प्रोजेक्ट के लिए उन से संपर्क साधा जाएगा.

बता दें कुछ दिनों पहले पूजा का टीवी अभिनेता शरद मल्होत्रा के साथ ब्रेकअप हो गया था. इस बारे में बात करते हुए उन्होंने स्पॉटब्वॉयई से कहा, शरद ने अपनी इमेज मिट्टी में मिला दी है. लोग एक्टर्स को में एक रोल मॉडल ढूंढ़ते हैं. क्या उनके बीच यह एक बुरा मैसेज नहीं जाता है कि आपा किसी के साथ केवल डेट करने के लिए ही हैं शादी करने के लिए नहीं.

इस मुद्दे पर शरद की गर्फफ्रेंड पूजा बिष्ट पहले भी ने खुल कर अपनी बात रख चुकी हैं. उन्होंने आरोप लगया कि अभिनेता शरद ने दो महीने तक उन्हें अंधेरे में रखा और अपने इरादे के बारे में उन्हें भनक नहीं लगने दी.

हालांकि, शरद ने बीते दिनों दिल्ली की डिजाइनर रिप्पी भाटिया के संग शादी रचा ली है. दोनों इन दिनों एक दूसरे के साथ चालिटी टाइम बिता रहे हैं. हाल ही में दोनों की शादी के महीने पूरे हुए थे, जिसकी खुशियों को शेयर करते हुए इंस्टाग्राम पर दोनों की तस्वीरें सामने आई थीं.

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

अनीस बज्मी की आंखें 2 पर है तारा सुतारिया की नजर?

तारा सुतारिया ने करण जौहर की फिल्म स्टूडेंट ऑफ द इयर 2 से बॉलिवुड में डेब्यू किया था। इस फिल्म में तारा के काम की काफी तारीफ हुई थी और यंगस्टर्स के बीच भी वह काफी पॉप्युलर हो गईं। इस फिल्म के बाद तारा को कई फिल्मों के ऑफर्स भी आए हैं।

तारा इस समय मिलाप झावेरी की फिल्म मरजावां में सिद्धार्थ मल्होत्रा और रितेश देशमुख के साथ काम कर रही हैं। इसके अलावा उन्हें साजिद नाडियाडवाला की फिल्म ऋङ्क १०० के रीमेक में भी साइन किया गया है। अब अगर रिपोर्ट्स की मानें तो तारा सुतारिया की नजर अनीस बज्मी की आने वाली फिल्म आंखें 2 पर भी है।बताया जा रहा है कि तारा ने मंगलवार को अनीस बज्मी से मुलाकात की है। उस समय तारा के साथ उनके बिजनस मैनेजर भी थे। दूसरी तरफ बज्मी ने इस फिल्म के लिए कुछ ऐक्टर्स से मुलाकात की है। बता दें कि अनीस बज्मी पहले ही कह चुके हैं कि वह इस साल में ही आंखें 2 शुरू करने जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि इस फिल्म में लंबी-चौड़ी स्टारकास्ट होगी।इससे पहले फिल्म के लिए मेकर्स जैकलीन फर्नांडिस, सैफ अली खान, सनी देओल और विकी कौशल जैसे कई ऐक्टर्स से मुलाकात कर चुके हैं। अब देखना होगा कि क्या तारा सुतारिया इस मल्टी-स्टारर फिल्म में अपनी जगह बना पाती हैं या नहीं। यह फिल्म मशहूर फिल्म आंखें का सीक्वल होगी जिसमें अमिताभ बच्चन, अक्षय कुमार, परेश रावल, अर्जुन रामपाल और सुष्मिता सेन ने मुख्य भूमिकाएं निभाई थीं।